रौल नं०..............................नाम परीक्षार्थी..............................

XI-24 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० A

# नागरिकशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक – 100

नोट :– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या–11 से 20 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 25 शब्दों (एक वाक्य) में, प्रश्न संख्या–21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में और प्रश्न संख्या–27 से 30 तक के प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में एवं प्रश्न संख्या–31 से 32 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न– प्रत्येक 1 अंक)**

**निर्देश** :–निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के उत्तर के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं। सही उत्तर छाँटकर उसे अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. 'सम्पत्ति का अधिकार– मूल अधिकारों की श्रेणी से किस संशोधन द्वारा हटाया गया था :–
(क) 42वें संशोधन द्वारा (ख) 43वें संशोधन द्वारा
(ग) 44वें संशोधन द्वारा (घ) 52वें संशोधन द्वारा।

2. भारत में किस प्रकार की कार्यपालिका है :–
(क) संसदीय (ख) अध्यक्षात्मक
(ग) अर्द्ध–अध्यक्षात्मक (घ) राजतंत्रात्मक।

3. लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता कौन करता है :–
(क) राष्ट्रपति (ख) प्रधानमंत्री
(ग) उपराष्ट्रपति (घ) लोकसभा का अध्यक्ष।

4. जनहित याचिकाओं का प्रारम्भ किस वर्ष से हुआ :–
(क) सन् 1981 से (ख) सन् 1980 से (ग) सन् 1979 से (घ) सन् 1996 से

5. आपातकालीन स्थिति में भारतीय संघ का ढाँचा हो जाता है :–
(क) पूर्ण संघात्मक (ख) अर्द्ध–संघात्मक
(ग) एकात्मक (घ) कोई प्रभाव नहीं।

6. संविधान की पवित्रता की सुरक्षा कौन करता है :–
(क) उच्चतम न्यायालय (ख) राष्ट्रपति
(ग) संसद (घ) प्रधानमंत्री।

7. निम्न विद्वानों में से किसको प्रथम राजनीतिक वैज्ञानिक माना जाता है :–
(क) प्लेटो (ख) अरस्तू
(ग) हाब्स (घ) कार्ल मार्क्स।

8. "मनुष्य स्वतंत्र पैदा होता है परन्तु प्रत्येक स्थान पर वह बन्धन में बँधा हुआ है।" यह कथन किसका है :–
(क) जेम्स (ख) मिल
(ग) रूसो (घ) मॉण्टेस्क्यू।

(पृष्ठ पलटिए)

9. प्राचीन भारत में न्याय का सम्बन्ध था :-
(क) धर्म से (ख) ध्यान से
(ग) राज्य से (घ) राजा से।

10. भारत में नागरिकता अधिनियम कब पारित हुआ था :-
(क) सन् 1960 में (ख) सन् 1955 में
(ग) सन् 1975 में (घ) सन् 1978 में।

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 2 अंक**

11. मौलिक अधिकार क्या हैं?
12. मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यकाल कितना होता है?
13. केन्द्रीय मन्त्रिपरिषद् की अध्यक्षता कौन करता है?
14. राज्यसभा का सभापति कौन होता है?
15. भारतीय संघ में कितने राज्य हैं?
16. ग्राम पंचायत के दो पदाधिकारियों के नाम वताइए जो निर्वाचन द्वारा चुने जाते हैं?
17. संविधान संशोधन में राष्ट्रपति की क्या भूमिका है?
18. 'द रिपब्लिक' किसकी रचना है?
19. आदर्श नागरिक के दो गुण बताइए।
20. राष्ट्रीयता के दो लाभ कौन-से हैं?

**लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 5 अंक**

21. 26 जनवरी को ही संविधान क्यों लागू किया गया? संक्षेप में लिखिए।
22. राज्यसभा व लोकसभा किन क्षेत्रों में वरावर की शक्तियाँ रखती हैं?
23. भारत के संविधान में शक्तिशाली केन्द्र की स्थापना क्यों की गई है?
24. संविधान की प्रस्तावना के मुख्य लक्षणों अथवा विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
25. स्वतन्त्रता की नकारात्मक और सकारात्मक अवधारणा में क्या अन्तर है?
26. अधिकार राज्य की सत्ता पर कुछ सीमाएँ लगाते हैं। उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

**लघु-दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 6 अंक**

27. "निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय है।" इस कथन को समझाइए।
28. लोकतन्त्र में न्यायपालिका का महत्व इंगित कीजिए।
29. समाजवाद क्या है? लोहिया की सप्तक्रान्तियाँ क्या थी?
30. भारत में सामाजिक न्याय के संदर्भ में क्या कदम उठाए गए हैं?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– प्रत्येक 8 अंक**

31. कार्यपालिका के कार्य अथवा शक्तियाँ लिखिए।
32. नगर निगम की रचना तथा उसके कार्यों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

"भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य के रूप में है।" इस कथन की विवेचना कीजिए।